आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार

1910 सोमवार 21.04.2025

मुख्य समाचारः—

1— सिविल सेवा दिवस पर प्रधानमंत्री ने युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए लोकसेवकों से असाधारण गति से काम करने को कहा।

2— बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सीएएफ का एक जवान शहीद।

3— मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने नई दिल्ली में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से की मुलाकात—तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर हुई चर्चा।

4— मौसम विभाग ने उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ और उससे लगे जिलों में ग्रीष्म लहर चलने की दी चेतावनी।

प्रधानमंत्री—सिविल सेवा दिवस

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि पिछले दस वर्षों में भारत ने प्रभावशाली परिवर्तन देखा है क्योंकि सरकार देश में समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। उन्होंने कहा कि समग्र विकास का मतलब है हर घर को स्वच्छ जल, हर बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, हर उद्यमी को वित्तीय संसाधन और हर गांव को डिजिटल अर्थव्यवस्था का लाभ मिलें। श्री मोदी ने नई दिल्ली में सत्रहवें सिविल सेवा दिवस के अवसर पर लोकसेवकों को संबोधित करते हुए यह बात कही। प्रधानमंत्री ने देश में युवाओं, किसानों और महिलाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए असाधारण गति से काम करने की आवश्यकता का उल्लेख किया।

2014 के बाद से देश में व्यवस्था परिवर्तन का एक बहुत बड़ा महायज्ञ शुरू हुआ है। हम इस तेज स्पीड के साथ खुद को तेजी से ढाल रहे हैं। आज भारत की एस्पिरेशनल सोसाइटी, भारत के युवा, भारत के किसान, भारत की महिलाएं, उनके सपनों की उड़ान आज जिस ऊंचाई पर है, वो वाकई अभूतपूर्व है।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने लोकसेवकों को जिलों के समग्र विकास, आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम और नवाचार की श्रेणियों में लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने दो ई—बुक्स भी जारी की। प्रधानमंत्री ने पुरस्कार प्राप्त करने वाले कुछ लोकसेवकों से बातचीत भी की।

मुख्यमंत्री—सिविल सेवा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय सिविल सेवा दिवस के अवसर पर देश सेवा में समर्पित सभी सिविल सेवकों और उनके परिवारजनों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह दिन न केवल सिविल सेवकों के योगदान को स्मरण करने का अवसर है, बल्कि यह भविष्य की चुनौतियों के संदर्भ में आत्ममंथन और चिंतन का भी दिवस है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिविल सेवक वह कड़ी हैं जो सरकार की योजनाओं और जनता की अपेक्षाओं के बीच सेतु का कार्य करते हैं। उन्होंने कहा सिविल सेवकों की प्रतिबद्धता और परिश्रम से ही देश और प्रदेश सुशासन के पथ पर अग्रसर होता है।

मुख्यमंत्री–की नोट कार्यक्रम

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कल रायपुर में आयोजित 'की–नोट' एड्रेस कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 'नए दौर की भागदौड़ में पीछे छूटते भारतीयता के संस्कार' विषय पर अपने विचार रखे। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने नई शिक्षा नीति को अपनाया है। इस नीति में शिक्षा के साथ रोजगार और संस्कार दोनों को प्राथमिकता दी गई है।

मुख्यमंत्री–राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राष्ट्रीय जनसंपर्क दिवस के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनसंपर्क अधिकारियों, कर्मचारियों और जनसंचार क्षेत्र से जुड़े सभी प्रतिनिधियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसंपर्क सरकार और जनता के बीच विश्वास और संवाद की सशक्त कड़ी है। शासन की योजनाओं, नीतियों और जनहितकारी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से आमजन तक पहुँचाने में जनसंपर्क की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बदलते समय के साथ जनसंपर्क की भूमिका और भी व्यापक हो गई है।

मुख्यमंत्री–केन्द्रीय मंत्री मुलाकात

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय इस समय दिल्ली दौरे पर हैं। दौरे के दूसरे दिन आज मुख्यमंत्री श्री साय ने अब से कुछ देर पहले केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात की। इस दौरान एक अहम बैठक में तीन नए आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन पर चर्चा हुई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा और पुलिस विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

जवान शहीद/माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से सीएएफ का एक जवान शहीद हो गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना तोयनार से चार किमी दूर फरसेगढ़ की है। रोड निर्माण में सीएएफ के जवान मनोज पुजारी की ड्यूटी लगी थी। इस दौरान प्रेशर आईईडी की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। क्षेत्र में सुरक्षा बल के जवानों का सर्च अभियान जारी है।

वहीं, नारायणपुर जिले के ओरछा थाना क्षेत्र अंतर्गत सुरक्षा बलों ने दो माओवादियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार माओवादियों के पास से एक कुकर बम बरामद किया गया है। ये दोनों माओवादी चौबीस फरवरी को ग्राम एड़जूम के जंगल में हुई माओवादी मुठभेड़ की घटना में शामिल थे। गिरफ्तार माओवादियों की पहचान इंद्रावती एल.ओ.एस. के सक्रिय सदस्य के रूप में हुई है।

उधर, झारखंड के बोकारो जिले में आज सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ आठ माओवादियों के मारे जाने जाने की खबर है। इस मुठभेड़ में एक करोड़ का इनामी माओवादी विवेक भी मारा गया है। सभी के शव बरामद कर लिए गए हैं।

कांग्रेस–प्रदर्शन

प्रदेश में कथित कानून व्यवस्था को लेकर आज कांग्रेस ने राजधानी रायपुर में प्रदर्शन किया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने का प्रयास किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झूमा–झटकी हुई। वहीं, उग्र कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेट्स को तोड़ दिया। घेराव से पहले रायपुर नगर निगम के सामने कांग्रेस ने एक सभा का आयोजन किया। इस सभा में प्रदेशभर से कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने पिछले डेढ़ साल में प्रदेश में बढ़ते अपराध के आंकड़ों के साथ ही महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार, लूट और हत्या सहित कई मुद्दों पर राज्य सरकार के

खिलाफ हमला बोला। सभा को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत सहित अनेक नेताओं ने संबोधित किया।

पद्म पुरस्कार—आवेदन

केन्द्रीय गृह मंत्रालय द्वारा वर्ष दो हजार पच्चीस के पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों के लिए प्रविष्टियां आमंत्रित की गई हैं। ये पुरस्कार साहित्य, संस्कृति, कला सहित अन्य विविध क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों और उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किए जाते हैं। योग्य और पात्र व्यक्तियों के नामांकन ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से इकतीस जुलाई तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरे हुए प्रस्ताव चौदह जुलाई तक संचालक, संचालनालय संस्कृति और राजभाषा, नवा रायपुर को प्रेषित किए जा सकते हैं।

वेव्स—पंजीकरण

विश्व श्रव्य दृश्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन—वेव्स के लिए मीडिया के प्रतिनिधियों के लिए पंजीकरण तीन अंतिम दिनों – इक्कीस, बाईस और तेईस अप्रैल को फिर से शुरू किया जा रहा है। यह मीडिया पेशेवरों, फ़ोटोग्राफ़रों और डिजिटल कंटेंट क्रिएटर्स के लिए आवेदन करने और एक से चार मई को मुंबई में होने वाले मीडिया और मनोरंजन कार्यक्रम का हिस्सा बनने का आखिरी मौका है। वेव्स में हिस्सा लेने के आकांक्षी पीआईबी वेव्स मीडिया एट द रेट जीमेल डॉट कॉम का अवलोकन कर सकते हैं।

उपमुख्यमंत्री—सिलाई केन्द्र शुभारंभ

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने आज रायपुर के चंगोराभाठा में महतारी सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया। रायपुर नगर निगम द्वारा संचालित इस सिलाई केंद्र में महिलाओं को सिलाई का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सिलाई कार्य में दक्ष महिलाएं अपना स्वरोजगार शुरू कर सकेंगी। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए यह अच्छी पहल है। उन्होंने कहा कि इस तरह का सिलाई केंद्र पूरे प्रदेश में खुले, इसकी कोशिश की जाएगी।
कार्यक्रम में रायपुर की महापौर मीनल चौबे भी उपस्थित थी।

खिलाड़ी—चयन

रायपुर और बिलासपुर में संचालित खेल विभाग की आवासीय खेल अकादमियों के लिए नये खिलाड़ियों का चयन किया जाना है। इसके लिए खेल विभाग की ओर से चयन ट्रायल का आयोजन किया जा रहा है। ट्रायल के पहले दिन रायपुर के कोटा स्थित स्टेडियम में खिलाड़ियों का पंजीयन, दस्तावेज परीक्षण और चिकित्सकीय परीक्षण किया गया। कल दूसरे दिन शारीरिक दक्षता परीक्षण किया जाएगा। ट्रायल के तीसरे दिन खेल कौशल का परीक्षण किया जाएगा। तीरंदाजी का परीक्षण बालिका खेल छात्रावास के सामने ग्राउंड में और हॉकी का सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम रायपुर में किया जाएगा। वहीं, बिलासपुर अकादमी के लिए चयन ट्रायल का आयोजन उनतीस और तीस अप्रैल को किया जाएगा।

स्कूल समय

भीषण गर्मी में भी अशासकीय स्कूलों द्वारा निर्धारित से ज्यादा समय तक स्कूलों की संचालन की शिकायत के बाद रायपुर जिला शिक्षा अधिकारी ने एक आदेश पारित कर कहा है कि पूर्व के आदेश का नहीं किए जाने की स्थिति अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक पूर्व पश्चिम द्रोणिका उत्तर पश्चिम राजस्थान से पूर्वी बांग्लादेश तक बनी हुई है। वहीं, एक उत्तर दक्षिण द्रोणिका उत्तर छत्तीसगढ़ से मन्नार की खाड़ी तक तेलंगाना रायल सीमा और तमिलनाडु होते हुए विस्तारित है। द्रोणिकाओं के कारण हवा की दिशा उत्तर पश्चिमी हो जाएगी। इनके असर से प्रदेश के तापमान में लगातार बढ़ोतरी होती रहेगी। मौसम विज्ञानी एच.पी. चन्द्रा ने उत्तर और मध्य छत्तीसगढ़ और उससे लगे जिलों में ग्रीष्म लहर चलने की चेतावनी दी है।

संक्षिप्त समाचार

– सुशासन तिहार के तहत परिवहन विभाग द्वारा आम जनता की समस्याओं के तत्काल समाधान के लिए अंबिकापुर के ब्लॉक स्तर में बाईस अप्रैल से एक मई तक विशेष लर्निंग लाइसेंस शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

– अम्बिकापुर में अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह के समापन पर विधायक राजेश अग्रवाल और महापौर मंजूषा भगत ने नगर सेना और अग्निशमन कार्यालय परिसर में वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

– दुर्ग स्थित केनरा बैंक के एक सौ ग्यारह म्युल अकाउंट्स में करीब सतासी करोड़ साठ लाख रूपए डिपाजिट होने का मामला सामने आया है। बैंक मैनेजर की शिकायत पर वैशाली नगर थाने में एफआईआर दर्ज कर ली गई है।

– एंटी करप्शन ब्यूरो–एसीबी की टीम ने आज कोरबा जिले के ग्राम दुल्लापुर के पटवारी को एक किसान से दस हजार रूपए की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार किया है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>